भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या -3349**
सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक)

## ‘स्ट्राइव’ परियोजना के माध्यम से आईटीआई में प्रशिक्षण

3349. श्री बैजयंत पांडाः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विशेषकर ओडीशा राज्य में औद्योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) परियोजना के अंतर्गत कितने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) का आधुनिकीकरण किया गया है;

(ख) वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस परियोजना के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ग) उक्त पहल के एक भाग के रूप में आईटीआई में आभासी वास्तविकता कार्यक्रमों के माध्यम से कितने छात्रों को प्रशिक्षित किया गया है; और

(घ) आईटीआई प्रशिक्षण में वीआर जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों के एकीकरण से किन विशिष्ट क्षेत्रों और पेशों को सबसे अधिक लाभ हुआ है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) औद्योगिक मूल्य संवर्धन हेतु कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव) परियोजना कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के तहत प्रशिक्षण महानिदेशालय ने विश्व बैंक द्वारा सहायित भारत सरकार की परियोजना को कार्यान्वित की थी। इसका उद्देश्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआइज) में सीख की अवसंरचना को मजबूत करना, उन्नत करना और बढ़ाना था।

स्ट्राइव परियोजना के तहत, देश में कुल 500 आईटीआइज (जिसमें 467 सरकारी आईटीआइज और 33 निजी आईटीआइज शामिल हैं) को उन्नयन के लिए चुना गया था और ओडिशा राज्य में कुल 27 आईटीआइज को उन्नयन के लिए चुना गया था। चयनित आईटीआइज की सूची **अनुबंध-1** पर संलग्न है।

(ख) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों /राष्ट्रीय अनुदेशात्मक मीडिया संस्थान (निमी) आदि को स्ट्राइव परियोजना के तहत 773 रुपये करोड़ जारी किए गए और कुल 711 रुपये करोड़ निधि का उपयोग किया गया। स्ट्राइव परियोजना 31 मई, 2024 को बंद हो गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्ट्राइव परियोजना हेतु 5.05 रुपये करोड़ आवंटित किए गए थे।

(ग) स्ट्राइव परियोजना के तहत, प्रमुखता आधार पर 05 चयनित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआइज) (आईटीआई अंबरनाथ, महाराष्ट्र, आईटीआई भुवनेश्वर, ओडिशा, आईटीआई विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश, आईटीआई नोगांव, असम और आईटीआई अलीगंज, उत्तर प्रदेश) को वर्चुअल रियलिटी (वीआर) आधारित सामग्री प्रदान की गई। अब तक, प्रमुखता के तहत कुल 371 छात्रों को प्रशिक्षित किया गया है।

(घ) इस प्रमुखता के तहत, फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन और मोटर वाहन मैकेनिक नामक 04 व्यवसायों हेतु वर्चुअल रियलिटी (वीआर) आधारित सामग्री प्रदान की गई थी।

**अनुबंध-क**

**लोक सभा के दिनांक 16.12.2024 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3349 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध:**

**स्ट्राइव के अंतर्गत चयनित आईटीआइज का विवरण निम्नानुसार है:**

| क्र.सं. | राज्य | आईटीआई का प्रकार | आईटीआई का नाम | ज़िला |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ओडिशा | सरकारी | गोपा बंधु सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान | कोरापुट |
| 2. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हिंजलीकट | गंजम |
| 3. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरबिल | केंदुझर |
| 4. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, राउरकेला | सुंदरगढ़ |
| 5. | ओडिशा | सरकारी | मधुसूदन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान | कटक |
| 6. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर | खुर्धा |
| 7. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, फूलबनी | कंधमाल |
| 8. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान | बालासोर |
| 9. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बेरहामपुर | गंजम |
| 10. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भवानीपटना | कालाहांडी |
| 11. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान | कटक |
| 12. | ओडिशा | सरकारी | तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, तकतपुर | मयूरभंज |
| 13. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बोलांगीर | बलांगीर |
| 14. | ओडिशा | निजी | साई निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बेलागुंठा | गंजम |
| 15. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान | धेंकनल |
| 16. | ओडिशा | निजी | डालमिया निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान | सुंदरगढ़ |
| 17. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तालचेर | अनुगुल |
| 18. | ओडिशा | सरकारी | राष्ट्रीय प्लंबिंग तकनीकी संस्थान, पट्टामुंडई | केंद्रपाड़ा |
| 19. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान | रायगढ़ा |
| 20. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हीराकुंड | संबलपुर |
| 21. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पुरूषोत्तमपुर | गंजम |
| 22. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान | पुरी |
| 23. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उमरकोट | नबरंगपुर |
| 24. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान | मल्कानगिरी |
| 25. | ओडिशा | सरकारी | गंधमर्दन सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बोलांगीर | बोलांगीर |
| 26. | ओडिशा | सरकारी | पूर्ण चंद्र आईटीआई, बारीपदा | मयूरभंज |
| 27. | ओडिशा | सरकारी | सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्रापुर | गंजम |

*****